## एक नजर में

### गौशाला में 1100 रुपए नकद और गौमाता को गुड़, चारा दान किया



**सनावद, निप्र।** मकर संक्रांति के अवसर पर हमारे क्लब के उपाध्यक्ष जी की ओर से रितुंभर आश्रम कोठी ( ओंकारेश्वर ) कि गौशाला में 1100 द्रव्य . नगद और गोमाता को गुड, चारा दान किया गया ।साथमे क्लब अध्यक्ष उर्मिला जैन , उपाध्यक्ष जितेंद्र मौर्य ,सचिव गुरदीप भाटिया, सहसचिव संजय आर्य, सुरेंद्र बिरला, प्रतीक मिश्रा आश्रम से साक्षी दीदी का भी सहयोग रहा ।

### खेलो एमपी ट्रॉयल खेलकूद प्रतियोगिता आयोजित

**गोगावा, निप्र।** मुख्यालय के उत्कृष्ट हायर सेकेण्डरी स्कूल मैदान पर विकासखण्ड स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता खेलो एम.पी. ट्रायल्स 2025-26 के अंतर्गत एथलेटिक्स, खो-खो, रस्साकशी, कबड्डी, फुटबॉल, वॉलीबॉल, शतरंज, टेबल-टेनिस आदि खेलों की चयन प्रतियोगिताएं सम्पन्न कराई गई। साथ ही हाईस्कूल बजरंगपुर के मैदान पर क्रिकेट खेल की चयन प्रतियोगिता सम्पन्न कराई गई।इन प्रतियोगिताओं में विकासखंड शिक्षा अधिकारी राहुल उपाध्याय की गरिमामयी उपस्थिति रही।प्रतियोगिता के सफल संचालन में पी.टी.आई. राजेंद्र मंडलोई, ललित सिंह सिसोदिया, के ललित आरतिया, मो. अशफाख़ खान, , उज्जवल यादव, मुस्सेलीन शैख़ एवं कुं शिल्पा सोनी का विशेष सहयोग रहा।अंत में क्लस्टर समन्वयक अरुणा खोड़े खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा सभी अतिथियों, खेल शिक्षकों, खिलाड़ियों एवं सहयोगियों का आभार व्यक्त किया गया।

### उपलब्धि भरा रहा भाजपा जिलाध्यक्ष ब्राह्मणे का एक वर्षीय कार्यकाल

**खरगोन।** जिले में भाजपा जिलाध्यक्ष के रुप में भाजपा जिलाध्यक्ष श्रीमती नंदा ब्राह्मणे ने शुक्रवार को एक वर्ष का कार्यकाल पुरा कर लिया। उनके एक वर्षीय कार्यकाल में उन्होंने संगठन को मजबुती देने के साथ ही कार्यकर्ताओं में संगठन कार्य का जो जोश जागृत किया, उसकी सराहना की जा रही है। एक वर्षीय सफलतम कार्यकाल के लिए जिला पदाधिकारियों सहित कार्यकर्ताओं ने कार्यालय पहुंचकर उन्हें शुभकामनाएं दी। इसके साथ ही सुबह से देरशाम तक शुभकामना संदेश सोशल मीडिया पर भी वायरल होते रहे। श्रीमती ब्राह्मणे के कार्यकाल में उनके विधानसभा क्षेत्र भीकनगांव में जहां नगर परिषद अध्यक्ष का चुनाव एक तरफा जीता तो वही हाल ही में 9 जनवरी को महेश्वर के वार्ड 7 में हुए उप चुनाव में भी पार्टी प्रत्याशी को भारी बहुमत से जीत मिली है।इस जीत का श्रेय कार्यकर्ताओं के साथ ही पार्टी जिलाध्यक्ष की संगठनात्मक नेतृत्व क्षमता को भी जाता है।श्रीमती ब्राह्मणे का मानना है कि भाजपा बड़ा संगठन जरुर है, लेकिन इसमें हर पदाधिकारी और कार्यकर्ता परिवार के रुप में एक दूसरे से जुड़ा है। यही कारण है कि पार्टी के किसी भी कार्य में हर कोई पार्टी का झंडा थामे सबसे आगे खड़ा




नजर आता है। श्रीमती ब्राह्मणे के नेतृत्व में एसआईआर काम में भी जिला पदाधिकारियों से लेकर मंडल, शक्ति केंद्र, बूथ प्रभारी सहित बीएलए- 2 निरंतर जमीनी स्तर पर काम कर रहे है, जिसकी समीक्षा के दौरान प्रदेश संगठन से भी सराहना की जा रही है।श्रीमती ब्राह्मणे ने भी शुभकामना संदेशों पर प्रतिक्रिया देते हुए शुभचिंतकों, कार्यकर्ताओं, पदाधिकारियों का आभार जताते हुए कहा कि संगठन की सफलता में किसी एक व्यक्ति या पदाधिकारी का योगदान नही होता, सामूहिक प्रयासों से ही संगठन आगे बढ़ता है और सफलता मिलती है।सही मायने में हमारी सफलता का श्रेय इस कार्यकाल में सभी 6 विधानसभा सीटें जितने पर ही माना जाएगा।इसके लिए वर्तमान में चल रहे एसआईआर कार्य को जमीनी स्तर पर करना जरुरी है।

### पुलिस ने 12 घंटे में किया डबल मर्डर का खुलासा, आरोपी पति गिरफ्तार



**खरगोन, निप्र।** चरित्र शंका के चलते पत्नि सहित अपने दूधमूंहे 6 माह के बच्चे की हत्या के आरोपी पति को पुलिस ने दोहरे हत्याकांड के आरोप में गिरफ्तार किया है। यह दिल दहला देने वाली घटना को ग्राम बकावा में 14-15 जनवरी की दरमियानी रात अंजाम दिया गया था।पुलिस ने आरोपी को महज 12 घंटे के भीतर गिरफ्तार कर लिया है।पुलिस से मिली जानकारी अनुसार ग्राम बकावां में बाड़े में बनी टपरी में एक महिला व एक बच्चा मृत अवस्था में बरामद किए गए थे।मृतका के शरीर पर चोंट के निशान थे, जिससे कि प्रथम दृष्टया यह प्रतीत हुआ।वहीं पास ही 6 माह का बच्चा कंबल में ढंका हुआ मृत अवस्था में मिला था। प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए बारीकी से निरीक्षण करने के साथ ही फिंगरप्रिन्ट एक्सपर्ट की मदद ली गई। मृत महिला के पति सुनिल से विस्तृत पूछताछ की गई, जिसमें वह पुलिस को गुमराह करता रहा। इसके बाद जब सख्ती से पूछताछ की तो वह टूट गया और पत्नी पर चरित्र शंका के कारण उसे उसे डंडे पिटने के कारण उसकी मौत होना कबूल किया।मारपीट के दौरान 6 माह का बच्चा रो रहा था, जिसे चुप करने के लिए सुनील ने बच्चे का मुह कंबल से ढंक दिया, जिससे कि बच्चे की भी दम घुटने से मृत्यु हो गई। पुलिस ने सुनिल पिता रायसिंग सोलंकी पेमगढ थाना उदयनगर जिला देवास हाल मुकाम ग्राम बगावां को दोहरी हत्या के आरोप में गिरफ्तार किया है।

### जायसवाल महिला मंडल का हल्दी-कुमकुम कार्यक्रम पारंपरिक उल्लास के साथ संपन्न



**खरगोन, निप्र।** सर्ववर्गीय जायसवाल महासभा की महिला मंडल द्वारा हल्दी .कुमकुम का कार्यक्रम पारंपरिक उल्लास के साथ संपन्न हुआ। महासभा की खरगोन जिला अध्यक्ष रीना जायसवाल ने बताया कि इस प्रकार के आयोजन समाज की महिलाओं को एकजुट करने, पारंपरिक संस्कारों को सहेजने एवं आपसी सहयोग और सौहार्द को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।भविष्य में भी महिला मंडल द्वारा ऐसे सांस्कृतिक एवं सामाजिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता रहेगा। इस अवसर पर समाज की महिलाओं ने हल्दी .कुमकुम कर एक .दूसरे को शुभकामनाएं दीं।कार्यक्रम में तरुणा जायसवाल, लता जायसवाल, सावित्री जायसवाल, उषा जायसवाल, संगीता खरे, संगीता जायसवाल, रेखा जायसवाल, रजनी जायसवाल सहित बड़ी संख्या में महिलाएं की उपस्थिति रही।

# कलेक्टर ने ग्राम भातुड़ पहुंचकर सावी एग्रो फार्म का किया निरीक्षण

## निरीक्षण के दौरान कृषक ने कलेक्टर को अपने खेत में लगी विभिन्न सब्जी फसलों का अवलोकन कराया

नवभारत न्यूज

**खरगोन, निप्र।** कलेक्टर सुश्री भव्या मित्तल द्वारा विकासखंड भगवानपुरा के ग्राम भातुड़ स्थित सावी एग्रो फार्म का अवलोकन एवं निरीक्षण किया गया। यह फार्म कृषक श्री अविनाश सिंह दांगी द्वारा 55 एकड़ क्षेत्र में विकसित किया गया है, जहां वर्ष 2009 से प्राकृतिक एवं जैविक खेती की जा रही है। निरीक्षण के दौरान कृषक श्री दांगी ने कलेक्टर सुश्री मित्तल को अपने खेत में लगी विभिन्न सब्जी फसलों—ब्रोकली, लाल मूली, पत्तागोभी, फूलगोभी, भरते का बैंगन, प्याज, लौकी, धनिया, मिर्च, चुकंदर, टमाटर, मेथी, पालक आदि—का अवलोकन कराया। साथ ही 10 एकड़ क्षेत्र में



लगी देशी अरहर की फसल की जानकारी दी। पपीता फसल के साथ अंतरवर्तीय खेती के रूप में प्याज, बालौर, चवला एवं मेथी की फसलों का भी प्रदर्शन किया गया। कृषक के फार्म में चार वर्ष पूर्व 2.5 एकड़ क्षेत्र में विकसित मल्टी लेयर फ्रूट फॉरेस्ट मॉडल का भी अवलोकन कराया गया, जिसमें 32 प्रकार के फलदार पौधे एवं 12 प्रकार की सब्जियां लगी हुई हैं। विशेष रूप से सेव (एप्पल) के पौधों ने सभी का ध्यान आकर्षित किया। रबी फसलों में देशी बीजों से उत्पादित बंशी गेहूं, सोना मोती गेहूं, खपली



गेहूं के साथ काबुली चना, देशी चना एवं हरे चने की फसलों का भी अवलोकन किया गया। इस अवसर पर प्राकृतिक एवं जैविक खेती विशेषज्ञ श्री पीएस बार्चे (सेवानिवृत्त कृषि विस्तार अधिकारी) द्वारा प्राकृतिक खेती में उपयोग होने वाले जैविक कीटनाशकों, अग्नि अस्त्र एवं ब्रह्मास्त्र की तैयारी विधि की जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि ये जैविक घोल गौमूत्र, नीम, अकाव, धतूरा, सीताफल, बेलपत्र, करंज, अरंडी, पपीता तथा हरी मिर्च-लहसुन की चटनी से तैयार किए जाते हैं। फार्म हाउस में 45-50 गोवंश, कुक्कुट पालन सहित एकीकृत कृषि गतिविधियों का भी अवलोकन किया गया। कलेक्टर सुश्री मित्तल ने कृषि एवं उद्यानिकी विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि श्री अविनाश सिंह दांगी द्वारा विकसित इस सफल प्राकृतिक एवं जैविक खेती मॉडल को अन्य कृषकों को भी दिखाया जाए, ताकि वे प्रेरित होकर इस प्रकार की खेती अपनाएं। इस दौरान उप संचालक कृषि श्री शिवसिंह राजपूत, उप संचालक उद्यानिकी श्री केके गिरवाल, परियोजना संचालक आत्मा श्री एमएस कनाश, सहायक संचालक कृषि श्री प्रकाश ठाकुर सहित अन्य अधिकारी एवं कृषकगण उपस्थित रहे।

## सौभाग्यचंद सुराणा अटल कार्यकर्ता सम्मान से सम्मानित

### धीरज ने रजत पत्र देकर सम्मानित किया



**बड़वाह, निप्र।** भारत रत्न और पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी का व्यक्तित्व भारतीय राजनीति का वह स्वर्णिम अध्याय है, जिसने राष्ट्र की दिशा और दशा को नई ऊंचाइयों पर पहुंचाया। उनके जन्म शताब्दी वर्ष पर देशभर में विविध आयोजन किए जा रहे हैं। इन्हीं आयोजनों की श्रृंखला में बड़वाह भाजपा नगर मण्डल में भारतीय जनता युवा मोर्चा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष धीरज पटेरिया के मार्गदर्शन में अटल कार्यकर्ता सम्मान समारोह बड़े ही गरिमामय माहौल में संपन्न हुआ। यह कार्यक्रम न केवल अटल जी की स्मृतियों को ताजा करने वाला था बल्कि संगठन के प्रति निष्ठा और समर्पण से कार्य करने वाले वरिष्ठ कार्यकर्ताओं को सम्मानित करने का प्रेरणादायी अवसर भी रहा। बताया गया कि भारतीय राजनीती के शिखर पुरुष भारत रत्न प्रधानमन्त्री अटल बिहारी जी की जन्म शताब्दी के अवसर पर रजत पत्र वरिष्ठ नेता सोभाग्य चंद सुराणा को दिया गया।रजत पत्र में उल्लेख किया गया कि संगठन के विभिन्न दायित्वों को समर्पित कार्यकर्ता के रूप में आपकी दशको की अनवरत यात्रा संगठन की निष्काम भाव से सेवा के लिए आपको 'अटल कार्यकर्ता सम्मान से अलंकृत करते हुए हम गौरवान्वित है। सांसद ज्ञानेश्वर पाटिल, विधायक सचिन बिरला,भाजपा जिलाध्यक्ष नंदा ब्राह्मणे ने दूरभाष पर वरिष्ठ नेता सौभाग्य चंद सुराणा को बधाई दी।वही मंचासीन वरिष्ठ नेता प्यारेलाल प्रजापत, ब्रजेन्द्र जोशी, महेंद्र सिंह भाटिया, लादूराम शाहू, गुरुचरण सिंह भाटिया, छोटेलाल चौधरी का भाजपा जिला उपाध्यक्ष जितेन्द्र सुराणा ने दुपट्टा पहनाकर स्वागत किया। सम्मान प्राप्त करते हुए वरिष्ठ नेताओं ने अपने अनुभव साझा किए और जनसंघ से लेकर भाजपा तक की संगठनात्मक यात्रा के संस्मरण सुनाए। नपाध्यक्ष राकेश गुप्ता व भाजपा नगर मण्डल अध्यक्ष अंकित गुप्ता ने भी संबोधित किया। धीरज पटेरिया ने कहा कि भारतरत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के जन्म जयंती वर्ष पर नींव के पत्थरों का सम्मान कर उनके कार्यो का स्मरण करते हुए कृतज्ञता ज्ञापित करना है।इनके आशीष और कार्यो से ही पार्टी आज समूचे देश मे परचम फहरा रही है। उन्होंने कहा कि संगठन में समर्पण, धैर्य और संघर्ष की परंपरा को अटल जी ने हमेशा महत्व दिया और यही मूल्य हमें भी अपनी राजनीति और सामाजिक कार्यों में आत्मसात करना चाहिए। इस अवसर पर अतिथियों ने सांसद खेल महोत्सव में प्रदेश स्तर पर परचम लहराने वाली टीम का स्वागत भी किया। इस दौरान नपा उपाध्यक्ष राजेश जायसवाल, ग्रामीण मण्डल अध्यक्ष खुमान जाट, महामंत्री रूपसिँह रावत, दीपक ठाकुर, चन्द्रपाल सिंह तोमर,पार्षद रजनी भंडारी, पार्षद गणेश पटेल, गुरबीर भाटिया, साबिर खाना, निशांत सोनी, रवि ऐरन, लक्ष्मीचंद अमई, अधिष सोनी, मीणा चौहान, एन एस सोलंकी, दिनेश कोटिया, वसीम गुड्डा, राजू राठौड़, लखन गडगोती, विशाल कुमरावत, यश चौरसिया सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मोजूद थे।

## मकर सक्रांति पर सहेली ग्रुप ने किया हल्दी कुमकुम का आयोजन

**मंडलेश्वर, निप्र।** नगर की महिलाओं के सहेली ग्रुप द्वारा मकर सक्रांति के अवसर पर स्थानीय दुर्गा मंदिर परिसर में हल्दी कुम कुम का आयोजन किया गया। ग्रुप की संस्थापक श्रीमती रीटा राजेन्द्र जोशी ने बताया कि इस आयोजन में ग्रुप की 70 महिलाएं महाराष्ट्रीयन परिधान पहनकर शामिल हुई। सहेलियों ने अंताक्षरी और नृत्य कर मनोरंजन किया इस अवसर पर चेयर रेस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें साधना जैन प्रथम एवं डॉ निधि पाटीदार द्वितीय स्थान पर रही । इस आयोजन में महाराष्ट्रीयन क्वीन का खिताब श्रीमती हिमांशी गोयल को दिया गया।कार्यक्रम का संचालन सीमा जोशी ने किया।मकर सक्रांति पर पतंग उड़ाने की परम्परा का निर्वाह करते हुए महिलाओं ने हाथ में पतंग लेकर मंगल गीत गाए और एक दूसरे को मकर सक्रांति की शुभकामनाएं दी।



## ग्रामीण बालिकाओं को सिखा रहे आत्मरक्षा के गुर

**खरगोन, निप्र।** महिला एवं बच्चों के विरूद्ध होने वाले अपराधों की रोकथाम के उद्देश्य से सामुदायिक पुलिसिंग के तहत सृजन कार्यक्रम चलाया जा रहा है।इस कार्यक्रम के तहत सामाजिक संस्था जन जाहस एवं खरगोन पुलिस के तत्वाधान में समीपी ग्राम पीपरखेड़ा में 15 दिवसीय प्रशिक्षण शिविर लगाया गया है। संस्था के समन्वयक इरफान खान ने बताया कि बालिकाओं एवं महिलाओं को सशक्त एवं स्वावलंबी बनाने तथा उनकी सुरक्षा और उनमें आत्मविश्वास बढ़ाने के उद्देश्य से सृजन जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। 15 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में



रोजाना विषयवार आमंत्रित वक्ता बच्चों का मार्गदर्शन कर रहे है। थाना बिस्टान के ग्राम पीपरखेड़ा में किशोर बालक एवं बालिकाओं को महिला थाना प्रभारी श्रीमती गीता सोलंकी ने पॉस्को एक्ट के तहत होने वाले यौन उत्पीडन्, यौन शोषण, पोर्नोग्राफी तथा छेड़छाड़ व बाल अश्लीलता जैसे अपराधों की रोकथाम एवं बचाव से संबंधित अति संवेदनशील एवं महत्वपूर्ण जानकारी दी। एडीपीओ सरिता चौहान ने पॉक्सो एक्ट . जेजे एक्ट के प्रति जागरुक किया। पीटी/यूएसी/ स्ट्रेचिंग एवं आत्मरक्षा के साथ आपदा प्रबंधन के संबंध में प्रशिक्षित पुलिस विभाग के रविंद्र गोयल एवं सब इंस्पेक्टर अमजद खान द्वारा दिया जा रहा है। जनसाहस से कल्पना पंवार, नूरी धार्वे, कविता सोनोने, आयुषी राठौड़, वैशाली सोनेर, रामकरण रावत, दाऊद खान आदि सराहनीय योगदान दे रहे है।

## पत्रकार आर्य अभा बलाई महासंघ के जिला मीडिया प्रभारी नियुक्त



**खरगोन, निप्र।** अखिल भारतीय बलाई महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष मनोज परमार ने शहर के सक्रिय पत्रकार एवं समाजसेवी जितेंद्र आर्य को दूसरी बार संगठन के जिला मीडिया प्रभारी का दायित्व सौंपा है। जिले की नियुक्ति अखिल भारतीय बलाई महासंघ के वरिष्ठ नेता रामेश्वर खांडे की अनुशंसा पर की गई। उल्लेखनीय है कि आर्य अनुभवी और निष्पक्ष पत्रकार हैं, जिन्होंने हमेशा समाज के हित में अपनी आवाज उठाई है। वहीं संगठन में भी समर्पण भाव से काम कर रहे है, उनकी इसी सक्रियता को देखते हुए उन्हें दूसरी बार इस दायित्व से नवाजा गया है। आर्य को प्रदेश अध्यक्ष भगवती प्रसाद शिंदे, प्रदेश महामंत्री विजय सोनारे, युवा प्रदेश अध्यक्ष सुरेंद्र पंवार, जिला अध्यक्ष सुभाष खांडे, जिला कार्यकारी अध्यक्ष किशोर भार्गव आदि ने हर्ष व्यक्त करते हुए बधाई दी है।

## आदिनाथ भगवान का मोक्ष कल्याणक मनाया



**कसरावद, निप्र।** जैन शांति महिला मंडल अध्यक्ष हेमलता रायली ने बताया आज तेरस के पावन दिवस जैन धर्म अनुयायीयों के प्रथम तीर्थनकर आदिनाथ भगवान का मोक्ष कल्याणक है! जैन धर्म में आदिनाथ भगवान को प्रथम तीर्थंकर माना जाता है, और उनका मोक्ष कल्याणक एक महत्वपूर्ण तिथि है

आदिनाथ भगवान जैन धर्म के प्रथम तीर्थंकर थे उन्होंने अपना जीवन संयम और तपस्या में बिताया और आज शत्रुजय पर्वत पर मोक्ष प्राप्त किया आज के भगवान के चरणों मे महिला मंडल के सदस्यों द्वारा सवा सात किलो शुद्ध घी से मेरु (शत्रुजय पर्वत ) निर्माण कर चढ़ाया इस कार्यक्रम मे श्री संघ समस्त श्रावक श्राविका गण हर्ष के साथ उपस्थित रहे आरती के बाद महावीर भवन मे सामूहिक एकाशन किये जिसमे कई तपस्वियो ने प्रभु चरणों तपस्या की भेट अर्पण की ।

**एक नजर में** ▶ घर में सुख-शांति के लिए मोबाइल से अवकाश लेकर परिवार के लोग एकत्रित होकर साथ में भोजन करें विभाजन नहीं होगा : राधे चैतन्य

# जीवन में आनंद के लिए शब्दों का चयन सोच समझकर करें

नवभारत न्यूज

**बिस्टान, निप्र।** संत सेवालाल सेवा समिति व अखिल भारतीय चैतन्य साधक परिवार नव टांडा के तत्वावधान में ग्राम कसारपुरा बन्हेर में कथा के दूसरे दिन श्री राधे चैतन्य जी महाराज ने अपनी कथा में परिवार सुधार एवं घर में सुख शान्ति के लिए पूरे परिवार को एकजुट होकर रहने एवं भोजन के समय मोबाइल से दूर रहने की सलाह दी। कथा के पूर्व ग्राम में प्रभातफेरी का आयोजन किया गया जिसमें ग्राम के सभी लोगों ने भाग लिया। कथा में पधारे अतिथियों ने संत श्री का स्वागत किया। कथा के प्रारंभ में



प्रथम दिवस में संत श्री राधे चैतन्य जी महाराज का अनकवाडी हनुमान मंदिर में भव्य स्वागत सत्कार किया गया। इस अवसर पर नगर परिषद बिष्टान के अध्यक्ष श्री डेमसिंग सिंह नॉर्वे उपाध्यक्ष प्रतिनिधि मुकेश राठौर नगर परिषद के पार्षद प्रहलाद पटेल ,राजेश पवार, और अन्य पार्षदों ने बाबा श्री के समक्ष हनुमान मंदिर गार्डन को संत श्री सेवालाल जी महाराज के नाम से नामकरण क एवं गार्डन में संत श्री सेवालाल जी महाराज की मूर्ति




स्थापना की घोषणा की। इस अवसर पर संत श्री ने नगर परिषद शासन,प्रशासन से की गई घोषणा को मूर्तरूप देने की अपील की। अनकवाडी से बिस्टान नगर होते हुए कसारपुरा के लिए वाहन रैली के रूप में निकली रैली का जगह जगह पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया।संत श्री राधे चैतन्य जी महाराज ने कथा स्थल पहुंचने से पूर्व ग्राम कसारपुरा शिव मंदिर में पूजा अर्चना की। मंदिर से कथास्थल तक ग्रामवासियों ने भागवत गीता के साथ कलश रैली का आयोजन किया एवं संत श्री राधे चैतन्य जी महाराज को बग्घी में सवार कर ग्राम भ्रमण करते हुए कथा स्थल पहुंचे ।कथा में मुख्य रूप से बंजारा समाज के नव टांडा के नायक,समाज प्रमुख एवं संत सेवालाल समिति जिला खरगोन के अध्यक्ष,मंडल अध्यक्ष , नगर परिषद अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, पार्षदों एवं ग्रामीणों ने संत श्री का व्यासपीठ पर स्वागत किया।आज कथा के दूसरे दिन महाराज श्री के श्री मुख से भगवत कथा का रसपान करने के लिए के नव टांडा के महिला पुरुषों का सैलाब उमड़ा।